प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार की जन वितरण प्रणाली में बदलाव की पहल. राज्य की सभी 25 हजार 428 पीडीएस दुकानों पर 4 जी आधारित ई–पोस मशीनें लगाने का काम तेज।
2. राज्य में पेसा नियमावली अधिसूचित होते ही भाजपा ने सरकार पर बोला तीखा हमला, आदिवासी समाज छलने का लगाया आरोप।
3. एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी और ब्लैकमेलिंग करने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़, हजारीबाग में छह अपराधी गिरफ्तार।
4. झारखंड आंदोलन के प्रणेता और हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा की 123वीं जयंती पर आज कई कार्यक्रम, राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत कई गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि।
5. रांची में दो दिवसीय द्वितीय अखिल भारतीय जज बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरु, देश के नौ हाईकोर्ट के 30 से अधिक न्यायाधीश ले रहे हैं भाग।

***********************

राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी 25 हजार 428 पीडीएस दुकानों पर 4 जी आधारित ई–पोस मशीनें लगाने की पहल की है। विभागीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा से इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2जी की जगह 4जी तकनीक आने से राशन वितरण अब तेज, पारदर्शी और नेटवर्क समस्याओं से मुक्त होगा, जिससे लाभुकों को राहत मिलेगी।

***********************

राज्य में पेसा नियमावली के अधिसूचित होने के साथ ही भाजपा ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य सरकार द्वारा लागू पेसा नियमावली में कई अनियमितताएं हैं। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि सरकार ने पेसा नियमावली के बहाने आदिवासी समाज के साथ छल किया है।

***********************

रांची नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की तैयारी के लिए अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में विशेष बैठक की। शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए 53 वार्डों के लिए 10 टीमें गठित की गई हैं। अब बाजारों से दिन में दो बार कचरा उठेगा और सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती बरती जाएगी।

***********************

धनबाद में शहीद एसपी रणधीर वर्मा के 35वें शहादत दिवस पर जिला पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी। रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. रीता वर्मा, डीसी आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। 1991 में आज ही के दिन वे बैंक डकैतों से लोहा लेते हुए शहीद हुए थे। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि यह दिवस सभी पुलिस कर्मियों को प्रेरणा देता है।

***********************

हजारीबाग पुलिस ने विष्णुगढ़ में एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबिंब ऐप की सूचना पर हुई इस कार्रवाई में 12 मोबाइल, 23 सिम और कार बरामद की गई। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि यह गिरोह फर्जी वेबसाइटों के जरिए देशभर में लोगों को ब्लैकमेल करता था।

***********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बुलेट ट्रेन परियोजना से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा हो रहे हैं और इसके संचालन के दौरान रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने पर मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय कम होकर मात्र एक घंटा 58 मिनट रह जाएगा।

***********************

जमशेदपुर के निजी स्कूलों और शिक्षा विभाग के बीच आरटीई बकाया राशि को लेकर विवाद बढ़ गया है। निजी स्कूलों ने 5 साल से भुगतान न होने का आरोप लगाते हुए आरक्षित कोटे में नए दाखिले रोकने का फैसला किया है। एसोसिएशन अब इस मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट का रुख करेगा।

***********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 26 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख बावन हजार रुपये प्रति किलो है।

***********************

राज्य में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। पलामू, चतरा, हजारीबाग समेत कई जिलों में आज भी दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवा के कारण अगले दो से तीन दिनों में राज्य का न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। कई जिलों में शीतलहर भी चलेगी।

***********************

झारखंड अलग राज्य के प्रणेता और हॉकी के दिग्गज मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की आज 123वीं जयंती मनाई जा रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर उन्हें याद कर आदिवासी अधिकारों और स्वशासन का मुखर प्रहरी बताया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

***********************

रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में सेकंड ऑल इंडिया जजेस बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से शुरू हो गया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने इसका उद्घाटन किया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 9 राज्यों के 30 से अधिक न्यायाधीश भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता और खेल भावना को बढ़ावा देना है।

***********************

दुमका के खिलाड़ी ईशान आनंद का चयन 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत हैंडबॉल अंडर–14 वर्ग में झारखंड राज्य टीम के लिए किया गया है। ईशान के चयन से दुमका जिले का खेल जगत गौरवान्वित है। ईशान आनंद की इस सफलता पर जिला हैंडबॉल संघ के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

***********************